प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

30 नवंबर 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक ने मेसर्स रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के प्रशासक को परामर्श देने हेतु एक सलाहकार समिति की नियुक्ति की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 29 नवंबर 2021 को रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक मंडल को अधिक्रमित कर दिया है और श्री नागेश्वर राव वाई, पूर्व-कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया है। आरबीआई अधिनियम 1934 की धारा 45-आईई (5) (a) के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रिज़र्व बैंक ने प्रशासक को उनका कार्य करने में सहायता प्रदान करने हेतु एक तीन सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया। सलाहकार समिति के सदस्य निम्नानुसार हैं-

1. श्री संजीव नौटियाल, पूर्व-डीएमडी, भारतीय स्टेट बैंक
2. श्री श्रीनिवासन वरदराजन, पूर्व-डीएमडी, एक्सिस बैंक
3. श्री प्रवीण पी कदले, पूर्व एमडी एवं सीईओ, टाटा कैपिटल लिमिटेड

यह भी उल्लेख किया जाता है कि दिवाला और शोधन अक्षमता (वित्तीय सेवा प्रदाताओं की दिवाला और परिसमापन कार्यवाही और न्यायनिर्णायक प्राधिकरण के लिए आवेदन) नियम, 2019, संबंधित वित्तीय क्षेत्र के नियामक को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान वित्तीय सेवा प्रदाता के परिचालन में प्रशासक को परामर्श देने के लिए सलाहकारों की एक समिति नियुक्त करने का प्रावधान प्रदान करता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1285